# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

◆ **प्रभारी यातायात पुलिस मय टीम द्वारा जनपद में संचालित ZFD योजना एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क दुर्घटना मे कमी लाये जाने के उद्देश्य से राजकीय इंटर कॉलेज सिद्धार्थनगर में विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।**

आज दिनांक 09.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम में ,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी यातायात राजकुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में, यातायात प्रभारी अजय कुमार सिंह यादव मय टीम द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज सिद्धार्थनगर के विद्यालय प्रशासन के सहयोग से विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी, सड़क सुरक्षा संबंधी विशेष सावधानियां,दुर्घटना में घायलों की मदद करने के संबंध में गुड समेरिटन योजना(पुरस्कार राशि 25000₹), अव्यस्क द्वारा वाहन चलाने संबंधित प्रावधान, रोड पर स्टैंटबाजी, तेज गति एवं गलत दिशा से वाहन चलाने आदि से होने वाले नुकसान से परीचित कराया गया साथ ही उनको अपने परिवार व अन्य सम्बन्धियों को भी ट्रैफिक नियम संबंधी जागरूकता प्रसारित किये जाने हेतु प्रेरित किया गया एवं पम्पलेट्स वितरण किया गया | इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बामदेई की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 09.07.2026 को थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बामदेई की बालिकाओं/ महिलाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा जनजागरूकता अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 कृष्ण कुमार पांडेय
2.मु0आ0 धनंजय दूबे
3.म0आ0इंद्रा तिवारी
4.रि0म0आ0 रुचि

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम रामनगर की बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, गुड टच बैड टच, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम थानाक्षेत्र के ग्राम रामनगर की बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, गुड टच बैड टच, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 अयोध्या यादव

2.म0हे0का0नीलम शुक्ला

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति केंद्र जनपद सि0नगर में महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 09.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व मयंक द्विवेद्वी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के निर्देशन में अरुण कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति केंद्र जनपद सि0नगर में छात्राओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण का उदघोष नारी सुरक्षा, नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन तथा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान" महिलाओ की सुरक्षा सम्मान व स्वालंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बनाकर देश के सामने एक नयी मिशाल बनाकर पेश करने हेतु जागरूक किया गया जिसमें स्कूल के लगभग 45 बालिकाएं उपस्थित रही जिनके द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन, यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए), 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 9454458050 थाने का सीयूजी नंबर, 9454408325 सीयूजी नंबर मिशन शक्ति केन्द्र, से सम्बन्धित सेवाओं व बृहद स्तर पर चलाये जा रहे "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान" सम्बन्धी अभियान के तहत शून्य एफआईआर' की अवधारणा, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्रावधान(कवच परियोजना), प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।

**मिशन शक्ति टीम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 श्याम देव प्रसाद
2.रि0का0 उत्तम कुमार
3.म0का मीरा रानी व म0का0 करिश्मा

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम - परसा की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला संबंधी अपराध, साइबर फ्रॉड व उससे बचाव के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 09.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा थाना इटवा के नेतृत्व में थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत ग्राम -परसा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थ नगर की महिलाओं को एकत्रित कर के महिला सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबरो 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई की जानकारी।

**मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.उ0नि0 हेमराज वर्मा

2.आ0 रुद्र प्रताप नायक

3.म0आ0 रंजना कोरी

4.म0आ0साधनायादव

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम झुलनीपुर में बहू बेटी सम्मेलन व साईबर जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 09.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम झुलनीपुर की महिलाओं/ बालिकाओं बहु-बेटी सम्मेलन कर महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया उनको जागरूक किया तथा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों-1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 रवीन्द्रनाथ यादव

02.म0आ0 नन्दिनी राना

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा शिवपति इंटर कॉलेज की छात्राओं को गुड टच, बैड टच व महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरुक कर  विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे मे जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में व नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत आज दिनांक 09.07.2026 को थाना शोहरतगढ़ मिशन शक्ति टीम द्वारा शिवपति इंटर कॉलेज की छात्राओं को गुड टच, बैड टच व महिला सुरक्षा/साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे में जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा  उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज-5.0 के विषय में महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन  पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई व नई धाराओं को भी बताया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 राजकुमार यादव

02.हे0का0 अविनाश सिंह

03.म0का0 उर्मिला, शोभा भारती

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया खालसा में महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया खालसा  में महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया। तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 बबुना यादव

02.रि0म0आ0 शिवानी सोनी

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम उसका राजा की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 09.07.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना उसका बाजार के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम उसका राजा की महिलाओं/बालिकाओं को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी हेल्पलाइन नंबरों- 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर -**

1.म0का0 कालिंदी यादव

2.म0का0 अंशु शुक्ला

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना उसका बाजार पुलिस व आमजन के बीच बालीबाल खेल का किया गया आयोजन।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में पुलिस व जनता के व्यक्तियो के बीच आपसी सामंजस्य व खेल के प्रति बढावा के चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार के नेतृत्व में थानाक्षेत्र के कस्बा उसका बाजार मे पुलिस व आमजन के बीच बालीबाल का आयोजन किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना कोतवाली बांसी पुलिस द्वारा एक नफर वारंटी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण मे सुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल निर्देशन एवं श्री मृत्युंजय पाठक प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थ नगर के नेतृत्व में आज दिनांक 09.07.2026 को एक नफर वारंटी सुनील कुमार पुत्र चन्द्रबली मौर्य निवासी पुरउवा पटेल नगर थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थ नगर को गिरफ्तार किया गया और, मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरणः-**

01.सुनील कुमार पुत्र चन्द्रबली मौर्य निवासी पुरउवा पटेल नगर थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 श्री स्वामीनाथ भास्कर थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 मानिक चंद थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना ढेबरुआ पुलिस की प्रभावी पैरवी से अपहरण करने के आरोपी को 05 वर्ष के कठोर कारावास व ₹15,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 09.07.2026 को वाद सं0-91/2017 मु0अ0सं0-1314/2015 धारा 363,376,506 भादवि व ¾ पाक्सो एक्ट तथा (2)v Sc/st अधिनियम में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार एएसजे/जेपीसी/पाक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त शाह आलम पुत्र स्व0 मोहम्मद सलीम निवासी पचमोहनी थाना ढ़ेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 363 भादवि में 05 वर्ष के कठोर कारावास व ₹15,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक पवन कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी अभिमन्यु कुमार थाना ढेबरुआ का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना जोगिया उदयपुर पुलिस टीम द्वारा पीआरवी से प्राप्त सूचना पर गुमशुदा बालिका जिसकी मानसिक स्थित ठीक नही है, अथक प्रयास से नदी में डूबनें से बचाकर सकुशल उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी एवं अभय सिंह थानाध्यक्ष थाना जोगिया उदयपुर के नेतृत्व में पीआरवी द्वारा दिनांक 07.07.2026 को प्राप्त सूचना की एक बालिका साकिन अजमागढ़ थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर जो नदी के किनारे कुडा फेकने हेतु गयी थी नदी मे डूब गयी है, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नही है, के क्रम में आज दिनांक09.07.2026 को मुझ थानाध्यक्ष द्वारा थाना स्थानीय के पुलिस बल व एनडीआरएफ तथा स्थानीय गोताखोरो की मदद से बालिका की तलाश के क्रम में नदी व आस पास के गावों में गहन तलाशी अभियान चलाकर गुसशुदा को सकुशल बरामद कर लिया गया, जो पूर्णतः बाधिर थी जिसका प्राथमिक उपचार कराने के उपरान्त उसके परिजन को नियमानुसार सुपुर्द किया गया, परिजनो द्वारा जोगिया उदयपुर पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

**बरामद/राहत बचाव करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.थानाध्यक्ष अभय सिंह थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर
02.उ0नि0 मुस्तकीम अंसारी थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर
03.का0राजाराम राजभर थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर
04. का0 विजय प्रजापति थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर
05. म0का0 रानी विश्वकर्मा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर
06. म0का0 सुशीला कुशवाहा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर

# प्रेस नोट दिनांक 09.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ **जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 09.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पॉट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त एवम् चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।